रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
सीईएन - 05/25 - जेई, डीएमएस, सीएमए - CEN - 05/25 - JE, DMS, CMA

Test Date	25/02/2026
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB JE DMS CMA

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB JE DMS CMA**

Q.1 गोलीय दर्पणों के लिए चिह्न परिपाटी (sign convention) का उपयोग करते समय, मुख्य अक्ष के अनुदिश किस दिशा को धनात्मक माना जाता है?

Ans
1. मुख्य अक्ष से नीचे की ओर
2. मुख्य अक्ष से ऊपर की ओर
3. मूल बिन्दु के दाईं ओर (+ x-अक्ष के अनुदिश)
4. मूल बिन्दु के बाईं ओर (- x-अक्ष के अनुदिश)

Q.2 22 जनवरी 2025 को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में युजवेंद्र चहल को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज कौन बन गए हैं?

Ans
1. अर्शदीप सिंह
2. जसप्रीत बुमराह
3. मोहम्मद सिराज
4. कुलदीप यादव

Q.3 सात डिब्बे, D, E, F, G, H, W और X, एक के ऊपर एक रखे हुए हैं, लेकिन ज़रूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे हों।
केवल H को E के ऊपर रखा गया है। E और G के बीच में केवल D को रखा गया है। केवल F को X के नीचे रखा गया है।
W और E के बीच में कितने डिब्बे रखे हैं?

Ans
1. एक
2. तीन
3. चार
4. दो

Q.4 निम्नलिखित में से किस रोजमर्रा के मिश्रण को निलंबन के रूप में सबसे सही ढंग से वर्गीकृत किया गया है?

Ans
1. जल में पूरी तरह से घुली हुई चीनी
2. जल में तैयार किया गया लवण विलयन
3. जल में घुला हुआ कॉपर सल्फेट
4. जल में पूरी तरह से घुला हुआ चॉक चूर्ण

Q.5 एक नाव धारा की दिशा में 36 किलोमीटर की दूरी 3 घंटे में तय करती है और लौटते समय धारा के विपरीत उतनी ही दूरी 5 घंटे में तय करती है। स्थिर जल में नाव की चाल क्या होगी?

Ans
1. 10.2 किमी/घंटा
2. 8.5 किमी/घंटा
3. 11.7 किमी/घंटा
4. 9.6 किमी/घंटा

Q.6 तेज बहादुर सप्रू के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?
I. उन्होंने एनी बेसेंट को बनारस में सेंट्रल हिंदू कॉलेज की स्थापना करने में सहायता की थी।
II. उन्होंने होम रूल आंदोलन के दौरान राजनीति में प्रवेश किया था।
III. उन्होंने 1930 और 1932 के बीच लंदन में आयोजित गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया था।

Ans
1. I, II और III सभी
2. केवल II और III
3. केवल II
4. केवल I

Q.7 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर समूह, उस समूह से संबंधित नहीं है?
(ध्यान दें: असंगत अक्षर समूह, उस अक्षर समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. KI–EF
2. LJ–GE
3. AY–VT
4. SQ–NL

Q.8 एक किसान 95 आम के पेड़, 171 बरगद के पेड़ और 152 केले के पेड़ बराबर पंक्तियों में (पेड़ों की संख्या के संदर्भ में) लगाना चाहता है। साथ ही, वह पेड़ों की अलग-अलग पंक्तियाँ बनाना चाहता है, जिसमें प्रत्येक पंक्ति में केवल एक प्रकार का पेड़ हो। आवश्यक पंक्तियों की न्यूनतम संख्या ज्ञात करें।

Ans
1. 19
2. 23
3. 18
4. 22

Q.9 11 के प्रथम 18 धनात्मक गुणजों का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 99
2. 104.5
3. 11
4. 18

Q.10 भारत ने 7 मई, 2025 को रवींद्रनाथ टैगोर की ________जयंती मनाई।

Ans
1. 160वीं
2. 164वीं
3. 162वीं
4. 166वीं

Q.11 चेक-डैम, कृषि जल की उपलब्धता और मृदा गुणवत्ता में सुधार करने में कैसे सहायता करते हैं?

Ans
1. वे केवल शहर उपयोग के लिए पानी का भंडारण करते हैं, और मृदा अपरदन को कम करते हैं।
2. वे भूजल स्तर को बढ़ाते हैं और मृदा अपरदन को कम करते हैं।
3. वे सीधे नदी के पानी से खेतों की सिंचाई करते हैं और मृदा अपरदन को बढ़ाते हैं।
4. वे खेतों से पानी को बाहर निकालते हैं और मृदा अपरदन को बढ़ाते हैं।

Q.12 एक वृत्त के अंतर्गत एक समषट्भुज उत्कीर्ण किया गया है। यदि इस षट्भुज के लघुतम विकर्ण की लंबाई 12 cm है, तो वृत्त और षट्भुज के मध्य स्थित क्षेत्र के क्षेत्रफल का छठा (one-sixth) भाग (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

Ans

1. $4(2\pi - 3\sqrt{3})$
2. $4(3\pi - 2\sqrt{3})$
3. $6(3\pi - 2\sqrt{3})$
4. $6(2\pi - 3\sqrt{3})$

Q.13 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(13, 91, 27)
(19, 133, 39)

Ans

1. (26, 130, 53)
2. (25, 175, 50)
3. (29, 210, 57)
4. (20, 140, 41)

Q.14 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह निर्धारित करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी सेब, आम हैं।
सभी आम, गेंद हैं।
कोई गेंद, बिल्ली नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई सेब, बिल्ली नहीं है।
(II): कुछ गेंद, सेब हैं।

Ans

1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
4. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.15 उस युग्म का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है, जिसका अनुसरण नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चय द्वारा किया जाता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

JKK : KFH
HVO : IQL

Ans

1. OOP : PJM
2. CUK : DPG
3. FJL : GDI
4. CPR : DKN

Q.16 सरल कीजिए : $110 - 42 \times (5 + 6) - 6$

Ans

1. −363
2. −358
3. −348
4. −350

Q.17 प्लाज्मा झिल्ली के अंदर तरल पदार्थ का नाम क्या है?

Ans

1. कोशिका द्रव्य
2. क्रोमैटिन
3. गुणसूत्र
4. जीन

Q.18 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों/अक्षर समूहों पर आधारित है।

(बाएँ) ADS DUG AGS BEG (दाएँ)

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार, दाईं ओर से दूसरे शब्द/अक्षर-समूह के दूसरे अक्षर और बाईं ओर से दूसरे शब्द/अक्षर-समूह के दूसरे अक्षर के बीच कितने अक्षर हैं?

Ans

1. 13
2. 11
3. 14
4. 12

Q.19 एक रेफ्रिजरेटर का अंकित मूल्य ₹15,000 है। इसे 32% और 40% की दो क्रमिक छूट के बाद एक खुदरा विक्रेता को बेचा जाता है। खुदरा विक्रेता ग्राहक को 49% की छूट (अपने नए अंकित मूल्य पर) देने के बाद अपनी लागत पर 45% का लाभ कमाना चाहता है। उसे रेफ्रिजरेटर का अंकित मूल्य क्या निर्धारित करना चाहिए?

Ans

1. ₹17,325
2. ₹17,400
3. ₹17,412
4. ₹17,504

Q.20 भारत के उत्तर-पश्चिमी मैदानों के निर्माण में किन नदियों का योगदान रहा है?

Ans

1. गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र
2. कृष्णा, गोदावरी और कावेरी
3. नर्मदा, ताप्ती और महानदी
4. सतलुज, ब्यास और रावी

Q.21 कौन-सा अवलोकन जल के लिए स्थिर अनुपात के नियम का समर्थन करता है?

Ans

1. हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का अनुपात निश्चित है।
2. जल तीन अवस्था में विद्यमान है।
3. जल निश्चित तापमान पर उबलता है।
4. जल विद्युत को दुर्बल रूप से संचालित करता है।

Q.22 A एक काम को 9 दिनों में और B उसी काम को 12 दिनों में कर सकता है। वे एकांतर दिनों में काम करते हैं और B पहले दिन काम शुरू करता है। काम कितने दिनों में पूरा हो जाएगा?

Ans

1. $8\frac{1}{3}$
2. $10\frac{1}{3}$
3. $9\frac{1}{3}$
4. $12\frac{1}{3}$

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद संसद से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों के साथ सही सुमेलित नहीं है?

Ans

1. अनुच्छेद 93 ---- लोक सभा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष
2. अनुच्छेद 99 --- काउंसिल ऑफ स्टेट्स/राज्यसभा की संरचना
3. अनुच्छेद 89 ---- राज्यसभा का सभापति और उपसभापति
4. अनुच्छेद 105 --- संसद के सदनों की शक्तियाँ और विशेषाधिकार

Q.24 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है 'A, B की बेटी है'
A – B का अर्थ है 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है 'A, B का पिता है'

उपर्युक्त आधार पर, यदि 'E – F + G x H ÷ K' हो, तो E का K से क्या संबंध है?

Ans

1. पति
2. पिता
3. बेटा
4. भाई

Q.25 एक निश्चित कूट में,
'green apple sweet' को 'ta lo mi' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
'red apple fresh' को 'ku lo pe' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
'green mango fresh' को 'ta si pe' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
(सभी कूट, केवल दो अक्षरों में कूटबद्ध हैं।)
“green apple” के लिए क्या कूट है?

Ans

1. ku lo
2. ta pe
3. ta lo
4. mi si

Q.26 D, R, A, W और S के अंक अलग-अलग हैं। केवल एक व्यक्ति ने A और R के बीच में अंक प्राप्त किए हैं। R और W के बीच में केवल एक व्यक्ति ने अंक प्राप्त किए हैं। S ने R और W से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।
कितने व्यक्तियों ने D से कम अंक प्राप्त किए हैं?

Ans

1. एक
2. चार
3. दो
4. तीन

Q.27 सिमर बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 10 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 7 km गाड़ी चलाता है, पुनः दाईं ओर मुड़ता है और 12 km गाड़ी चलाता है। इसके बाद वह दाईं ओर मुड़ता है और 9 km गाड़ी चलाता है। अंत में, वह एक बार फिर दाईं ओर मुड़ता है, 2 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुक जाता है। उसे बिंदु A तक पुनः पहुँचने के लिए कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी होगी?

(जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans

1. पूर्व की ओर 3 km
2. पश्चिम की ओर 3 km
3. पश्चिम की ओर 2 km
4. पूर्व की ओर 2 km

Q.28 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएँ) H @ $ V 1 B 2 C N E T U 8 6 % # L C N Q A (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षरों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएँ से पाँचवें स्थान पर होगा?

Ans
1. 6
2. %
3. 8
4. 2

Q.29 हमारी हथेली पर एसीटोन या पेट्रोल डालने पर हथेलियों ठंडा क्यों महसूस करती हैं?

Ans
1. द्रव वातावरण से ऊष्मा के प्रवाह को अवरुद्ध करता है
2. द्रव त्वचा की सतह पर नमी बढ़ाता है
3. द्रव त्वचा से ऊष्मा को अवशोषित कर वाष्पित कर देता है
4. द्रव हमारी त्वचा की सतह के साथ रासायनिक रूप से अभिक्रिया करता है

Q.30 एक दुकानदार अपनी वस्तुओं को क्रय मूल्य पर बेचता है। यदि दोषपूर्ण बाट का उपयोग करके वह $3\frac{19}{27}\%$ का लाभ अर्जित करता है, तो वह 1 kg के स्थान पर किस भार के बाट का उपयोग करता है (g में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)?

Ans
1. 987.35
2. 954.79
3. 938.99
4. 964.29

Q.31 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
JMQ ILP HKO GJN ?

Ans
1. FIM
2. FJM
3. FIN
4. FJN

Q.32 जब 13, 19, 16 और 23 में से प्रत्येक में x जोड़ा जाता है, तो इसी क्रम में, इस प्रकार प्राप्त संख्याएँ समानुपात में होती हैं। यदि 5x : y :: y : (8x-4) है और y > 0 है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 41
2. 42
3. 30
4. 37

Q.33 A car suddenly changes direction while moving at constant speed. Which aspect of inertia is being demonstrated, and how does the car's mass influence this effect?

Ans
1. Mass only affects speed, not direction, when a car turns.
2. The inertia of direction is demonstrated, and a car with greater mass will resist the change in direction more.
3. The inertia of speed is demonstrated, and a lighter car resists direction change more.
4. The inertia of rest is demonstrated, and the car's mass does not affect direction changes.

Q.34 वृक्कीय धमनी और वृक्कीय शिरे के बीच कौन-सा अपशिष्ट-आधारित मुख्य अंतर सीधे तौर पर उत्सर्जन क्रिया से संबंधित है?

Ans
1. वृक्कीय धमनी में अधिक यूरिया होता है।
2. वृक्कीय शिरे में उच्च दाब होता है।
3. वृक्कीय धमनी में अधिक कपाट होते हैं।
4. वृक्कीय शिरे में अधिक ऑक्सीजन होती है।

Q.35 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

7 10 16 25 ?

Ans
1. 34
2. 40
3. 37
4. 43

Q.36 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 38 में निम्नलिखित में से किस उद्देश्य का उल्लेख किया गया है?

Ans
1. राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सैन्य शासन स्थापित करना
2. सभी नागरिकों को रोजगार की गारन्टी देना।
3. सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर आधारित सामाजिक व्यवस्था स्थापित करना।
4. सभी को समान शिक्षा के अवसर प्रदान करना।

Q.37 Plant diseases are caused by pathogens transmitted through:

Ans
1. Fertilisers and manure only
2. Crop residues alone
3. Sunlight exposure
4. Soil, water and air

Q.38 अपशिष्ट उत्पादन को न्यूनतम करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?

Ans
1. उत्पादों की प्लास्टिक पैकेजिंग को अधिकतम करना
2. बदलाव और संधारणीय जीवनशैली अपनाना
3. प्लास्टिक उपयोग में वृद्धि करना
4. गैर-जैवनिम्नीकरणीय उत्पादों का उपयोग करना

Q.39 वर्मीकम्पोस्ट (vermicompost) बनाने के लिए कौन-से प्राथमिक पदार्थ का उपयोग किया जाता है?

Ans
1. खमीर
2. रासायनिक उर्वरक
3. जीवाणु और विषाणु
4. केंचुए

Q.40 नीचे दी गई अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला को ध्यानपूर्वक देखें और प्रश्न का उत्तर दें। (ध्यान दें: सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्या हैं)। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) H 9 & 3 L ! 6 M $ 7 R @ 4 C % 2 F # 5 K * 8 P (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में दूसरा प्रतीक है?

Ans
1. तीन
2. एक भी नहीं
3. एक
4. दो

Q.41 ओज़ोन परत सूर्य से आने वाले किस प्रकार के विकिरण से पृथ्वी की सतह की रक्षा करती है?

Ans
1. पराबैंगनी
2. श्वेत प्रकाश
3. अवरक्त
4. X-किरणें

Q.42 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

2 16 44 100 212 ?

Ans
1. 433
2. 430
3. 436
4. 435

Q.43 सात व्यक्ति F, J, M, L, R, V और X एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं।
X के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। R के दाईं ओर केवल M बैठा है। R और V के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J, L के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन F के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। V के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 2
2. 1
3. 3
4. 4

Q.44 एक नल एक टंकी को 32 घंटे में भर सकता है, जबकि दूसरा नल भरी हुई टंकी को 64 घंटे में खाली कर सकता है। यदि टंकी शुरू में खाली है और दोनों नलों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी के एक-चौथाई भाग को भरने में लगने वाला समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 64
2. 16
3. 48
4. 32

Q.45

निम्न का मान ज्ञात कीजिए।

$$4^3 - 7^2 + \left(\frac{16}{4}\right)^2 - 4 + 9 \text{ x } 1 = ________$$

Ans
1. 44
2. 36
3. 33
4. 42

Q.46 8,12 और 4 के चतुर्थ अनुपात तथा 6 और 9 के तृतीय अनुपात के बीच का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 9:13
2. 7:11
3. 4:9
4. 5:11

Q.47 उस त्रय का चयन कीजिए जो उसी पैटर्न का अनुसरण करता है, जिसका अनुसरण नीचे दिए गए दो त्रयों द्वारा किया जाता है। दोनों त्रय समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

JM-HK-FI
MP-KN-IL

Ans
1. PS-NQ-KO
2. PS-NQ-LO
3. QS-NP-KO
4. QS-MP-KO

Q.48 एक निश्चित कूट में,
'parents teach good values' को 'sc fs ye un' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
'strong values shape character' को 'lx zv fs lb' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
'good habits discipline strong' को 'ye hk gb zv' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।

(सभी कूट, दो अक्षरों में कूटबद्ध हैं।)

'character' के लिए संभावित कूट क्या है?

Ans
1. या तो 'fs' या 'zv'
2. या तो 'lb' या 'fs'
3. या तो 'ye' या 'lb'
4. या तो 'lb' या 'lx'

Q.49 एक किसान बेहतर बेकिंग गुणवत्ता (baking quality) और सूखा प्रतिरोधी क्षमता वाले गेहूँ की खेती करना चाहता है। फसल की किस्म में सुधार हेतु किन दो विशेषताओं को लक्षित किया जाना चाहिए?

Ans
1. बेहतर गुणवत्ता और अजैविक प्रतिरोध
2. व्यापक अनुकूलन क्षमता और जैविक प्रतिरोध
3. उच्च उपज और व्यापक अनुकूलन क्षमता
4. बेहतर गुणवत्ता और जैविक प्रतिरोध

Q.50 निम्नलिखित में से कौन-सा ऊतक यह सुनिश्चित करता है कि पत्तियों में बना भोजन पौधे के सभी भागों तक पहुँचाया जाए?

Ans
1. मिसोफिल
2. जाइलम
3. एपिडर्मिस
4. फ्लोएम

Q.51 अमित ने साधारण ब्याज और वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज, दोनों पर समान धनराशि का निवेश किया। दोनों राशियों के लिए समयावधि 2 वर्ष थी और ब्याज की दर भी समान रूप से 10% वार्षिक थी। अंत में, उसने प्राप्त दोनों ब्याजों के बीच ₹97 का अंतर पाया। निवेश की गई धनराशि (₹ में) क्या थी?

Ans
1. 10,050
2. 9,700
3. 8,800
4. 8,950

Q.52 निम्नलिखित में से किसे आमतौर पर 'उच्च दाब पर संग्रहित' किया जाता है?

Ans
1. NaCl
2. ठोस CO_2
3. H_2
4. N_2

Q.53 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ x है, x का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

4-18×3÷50+33=?

Ans
1. 31
2. 41
3. 30
4. 40

Q.54 1960 के दशक के अंत तक भारत ने कृषि में कौन-सी बड़ी उपलब्धि हासिल की?

Ans

1. खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बना
2. खाद्यान्न का निर्यात शुरू किया
3. उर्वरकों का उपयोग बंद कर दिया गया
4. पूरी तरह से जैविक खेती को अपनाना

Q.55 वस्तु X और Y के क्रय मूल्य का अनुपात 1 : 2 है। एक व्यक्ति वस्तु X को बेचकर 12% लाभ अर्जित करता है, और वस्तु Y को बेचकर 36% हानि उठाता है। संपूर्ण लेन-देन में उसका समग्र लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans

1. लाभ, 26.5%
2. हानि, 24.5%
3. हानि, 20%
4. लाभ, 20%

Q.56 यदि 14.8 : x :: x : 3.7 तथा x > 0 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

1. 4.1
2. 11.4
3. 7.4
4. 12.9

Q.57 आंकड़ों 13, 17, 23, 26, 31, 28, 15, 34, 17, और 26 के जनसंख्या मानक विचलन की गणना कीजिए। (उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans

1. 6.81
2. 7.18
3. 6.19
4. 7.26

Q.58 समीकरण $ax^3 - 24x^2 + 188x - 480 = 0$ के मूल तीन क्रमागत सम प्राकृत संख्याएं हैं। a का मान ______ है।

Ans

1. 2
2. 1
3. 4
4. 3

Q.59 स्टैंड-अप इंडिया योजना (Stand-Up India Scheme) के तहत, पात्र लाभार्थियों को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCBs) द्वारा किस सीमा तक बैंक ऋण प्रदान किए जाते हैं?

Ans

1. ₹10 लाख से ₹1 करोड़ तक
2. ₹1 करोड़ से ₹5 करोड़ तक
3. ₹25 लाख से ₹2 करोड़ तक
4. ₹5 लाख से ₹50 लाख तक

Q.60 भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, थार मरुस्थल में होने वाली अनुमानित कुल वार्षिक सामान्य वर्षा कितनी है, जिसका विचरण गुणांक (CV) लगभग 38% है?

Ans

1. 150 mm प्रति वर्ष
2. 200 mm प्रति वर्ष
3. 250 mm प्रति वर्ष
4. 50 mm प्रति वर्ष

Q.61 मिसेल (micelle) में, कौन-सा भाग बाहर की तरफ जल की ओर होता है?

Ans

1. हाइड्रोकार्बन पूंछ
2. आयनिक सिरा
3. ग्रीस अणु
4. अध्रुवीय छोर

Q.62 किसी उत्तल दर्पण से परावर्तन के पश्चात, किरणें मुख्य अक्ष के समानांतर कैसा व्यवहार करती हैं?

Ans

1. वे मुख्य अक्ष पर एक बिंदु से अपसरित होते हुए प्रतीत होती हैं।
2. वे उसी पथ पर वापस परावर्तित हो जाती हैं।
3. वे वक्रता-केंद्र से होकर गुजरती हैं।
4. वे वास्तव में फोकस पर अपसरित होती हैं।

Q.63 P, W का भाई है। W, R का पिता है। T, J का पिता है। J, R का पुत्र है। T का P से क्या संबंध है?

Ans

1. भाई की पुत्री का पति
2. भाई की पुत्री का पुत्र
3. पुत्री का पुत्र
4. पुत्री का पति

Q.64 यदि $14\sin Y + \cos Y = \sqrt{14}\sin Y$ है, तो $\tan Y$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

1. $\frac{-14 - \sqrt{14}}{192}$
2. $\frac{-14 - \sqrt{14}}{187}$
3. $\frac{-14 - \sqrt{14}}{182}$
4. $\frac{-15 - \sqrt{14}}{182}$

Q.65 उस प्रयोग से, जिसमें पोटेशियम परमैंगनेट का विलयन बार-बार तनु करने पर भी रंगीन बना रहता है, क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

Ans

1. पदार्थ के कण कोई भी रिक्त स्थान नहीं घेरते हैं।
2. पदार्थ के कण बिना सूक्ष्मदर्शी के दिखाई देते हैं।
3. पदार्थ के कण साइज़ में अत्यंत छोटे-छोटे होते हैं।
4. पदार्थ के कण निश्चित और स्थिर होते हैं।

Q.66 यदि $\frac{4(x^2 + 1) - 8x}{3x} = 6,\ x > 0$, तो $\sqrt{x} + \frac{1}{\sqrt{x}}$ का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Ans

1. $\sqrt{\frac{17}{2}}$
2. $\sqrt{\frac{2}{3}}$
3. $\sqrt{\frac{5}{3}}$
4. $\sqrt{\frac{2}{5}}$

Q.67 सतत् विकास के पाँच P निम्नलिखित में से किसे संदर्भित करते हैं?

Ans
1. पीपुल, पीस, प्रॉसपैरिटी, प्लैनेट, पार्टनरशिप (People, Peace, Prosperity, Planet, Partnership)
2. पोपुलेशन, पीस, प्रोडक्शन, पावर, पार्टनरशिप (Population, Peace, Production, Power, Partnership)
3. पीपुल, पीस, पावर, प्लैनेट, पार्टनरशिप (People, Peace, Power, Planet, Partnership)
4. पोवर्टी, पीस, प्रोटेक्शन, प्लांट, प्रोडक्ट (Poverty, Peace, Protection, Plant, Product)

Q.68 एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह निर्णय करना है कि कथनों में दिए गए आंकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उचित उत्तर का चयन करें।

प्रश्नः 5 व्यक्तियों, P, Q, X, Y और Z, सोमवार और शुक्रवार के बीच में एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिनों में परीक्षा देते हैं। गुरुवार को किसकी परीक्षा है?

कथन:
I. P की परीक्षा बुधवार को है। P और Q के बीच में केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। Z की परीक्षा X से ठीक पहले है।
II. P और Y के बीच में किसी की परीक्षा नहीं है। Y और X के बीच में केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। Z की परीक्षा सोमवार को नहीं है।

Ans
1. दोनों कथनों I और II में दिए गए आंकड़े एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
2. कथन I और II में दिए गए आँकड़े एक साथ (न कि केवल कथन I अकेला या केवल कथन II अकेला) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
3. केवल कथन I में दिए गए आंकड़े, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिए गए आंकड़े नहीं।
4. केवल कथन II में दिए गए आंकड़े, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिए गए आंकड़े नहीं।

Q.69 'उत्कल दिवस', जो 1 अप्रैल 2025 को मनाया गया था, _______ राज्य के गठन की वर्षगांठ का प्रतीक है।

Ans
1. ओडिशा
2. तेलंगाना
3. उत्तराखंड
4. छत्तीसगढ़

Q.70 सोडियम और कैल्शियम जैसी धातुओं को कार्बन के साथ गर्म करने के बजाय वैद्युतअपघटनी अपचयन द्वारा निष्कर्षित क्यों किया जाता है?

Ans
1. कार्बन के साथ गर्म होने पर वे विघटित हो जाते हैं।
2. वे उच्च तापमान पर अस्थिर ऑक्साइड बनाते हैं।
3. कार्बन की अपेक्षा इनकी ऑक्सीजन के प्रति बंधुता अधिक होती है।
4. वे प्रकृति में केवल पिघले हुए क्लोराइड के रूप में उपस्थित हैं।

Q.71 ₹34/kg की चीनी को ₹58/kg की चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹52.80/kg की दर से बेचने पर 32% का लाभ प्राप्त हो?

Ans
1. 5 : 2
2. 5 : 3
3. 3 : 1
4. 7 : 3

Q.72 जब तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल, कैल्शियम कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करता है, तो मुक्त होने वाली गैस चूने के जल के माध्यम से पारित होती है। गैस को अधिक मात्रा में पारित करने पर, किस कारण से दूधियापन गायब हो जाता है?

Ans
1. कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड
2. कैल्शियम ऑक्साइड
3. कैल्शियम कार्बोनेट
4. कैल्शियम हाइड्रोजन कार्बोनेट

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा लोक नृत्य अच्छी फसल होने के उपलक्ष्य में किया जाता है और ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ राज्यों में लोकप्रिय है?

Ans
1. रौफ
2. भांगड़ा
3. कर्मा
4. गरबा

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सबसे अच्छी तरह से यह स्पष्ट करता है कि मनुष्य जैव-आवर्धन से सबसे अधिक प्रभावित क्यों होते हैं?

Ans
1. खाद्य श्रृंखला में मनुष्य सबसे अच्छे अपघटक हैं।
2. खाद्य श्रृंखला में अन्य उपभोक्ताओं की तुलना में मनुष्य कम भोजन का उपभोग करते हैं।
3. अनेक खाद्य श्रृंखलाओं में मनुष्य शीर्ष पोषी स्तर पर होता है।
4. मनुष्य विषैले पदार्थों का अपघटन कर सकता है।

Q.75 द्विघात समीकरण $15x^2-x-2=0$ के मूल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $x = \frac{-1}{3}$ या $x = \frac{-2}{5}$
2. $x = \frac{-1}{3}$ या $x = \frac{2}{5}$
3. $x = \frac{1}{3}$ या $x = \frac{-2}{5}$
4. $x = \frac{1}{3}$ या $x = \frac{2}{5}$

Q.76 नीचे दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। अलग-अलग वृत खंडों में दी गई संख्याएँ व्यक्तियों की संख्या दर्शाती हैं। (ध्यान दें: आपको दिए गए आकड़ों को सत्य मानना है, भले ही वह समान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों।)



संदर्भ: Men - पुरुष, Entrepreneurs - उद्यमी, Young Adults - युवा वयस्क
कितने युवा वयस्क, उद्यमी हैं?

Ans
1. 21
2. 22
3. 18
4. 3

Q.77 को साधारण भिन्न (vulgar fraction) के रूप में व्यक्त कीजिए।

Ans

1. $5\frac{219}{225}$
2. $5\frac{319}{215}$
3. $5\frac{229}{255}$
4. $5\frac{319}{225}$

Q.78 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 -13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करके और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(133,5,23)
(107,1,18)

Ans

1. (10,22,2)
2. (18,24,1)
3. (75,9,4)
4. (76,20,16)

Q.79 गोलीय लेंसों के लिए चिह्न परिपाटी के अनुसार, उत्तल लेंस की फोकस दूरी का चिह्न क्या होता है?

Ans

1. शून्य
2. ऋणात्मक
3. परिवर्तनीय
4. धनात्मक

Q.80 1 अप्रैल 2025, को आयोजित किया गया सरहुल उत्सव किस क्षेत्र में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है?

Ans

1. हिमालय क्षेत्र
2. छोटानागपुर क्षेत्र और झारखंड
3. भारत के तटीय क्षेत्र
4. भारत के दक्षिणी राज्यों

Q.81 IIT मंडी द्वारा विकसित उस स्थायी मिश्रित पदार्थ का प्राथमिक संघटन क्या है जो 2D अर्धचालकों को खराब होने से रोकता है?

Ans

1. पॉलिमर मैट्रिक्स में अंतर्निहित कार्बन नैनोट्यूब
2. एपॉक्सी रेज़िन के साथ मिश्रित बोरॉन नाइट्राइड
3. पॉलीडाइमेथिलसिलोक्सेन (PDMS) में संपुटित टंगस्टन डाइसल्फाइड (WS)
4. सिलिकॉन के साथ संयुक्त ग्राफीन

Q.82 चेतन की मासिक आय ₹60,000 है और उसका व्यय ₹35,000 है। यदि उसकी आय में 25% की वृद्धि होती है, और उसके व्यय में 15% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

Ans

1. 35%
2. 39%
3. 36%
4. 38%

Q.83 यदि किसी तार में 2 ऐम्पियर की विद्युत धारा प्रवाहित हो रही है, तो 5 सेकंड में इसके अनुप्रस्थ काट से कितना आवेश प्रवाहित होगा?

Ans
1. 0.4 कूलॉम
2. 2.5 कूलॉम
3. 7 कूलॉम
4. 10 कूलॉम

Q.84 In the Assumed Mean Method, if the assumed mean (A) = 55 and an observed value x = 40, what is the deviation d?

Ans
1. -1.5
2. 15
3. 1.5
4. -15

Q.85 गिरीश ने एक परीक्षा में 695 अंक प्राप्त किए जो अधिकतम अंकों के 89% से 17 अंक कम थे। उसी परीक्षा में, उसके मित्र ने 688 अंक प्राप्त किए। उसके मित्र द्वारा प्राप्त किए गए अंकों का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 87%
2. 84%
3. 83%
4. 86%

Q.86 Which demand advanced by the Moderate leadership of the Indian National Congress (1885–1905) most clearly reflected their objective of expanding Indian involvement within colonial decision-making structures?

Ans
1. Preferential allocation of bureaucratic appointments to Indians
2. Immediate transfer of political authority to Indian hands
3. Curtailment of regressive indirect taxation
4. Expansion of legislative councils for Indian representation

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति क्रिया और प्रतिक्रिया बलों का एक उदाहरण नहीं है?

Ans
1. ऊपर की ओर प्रक्षेपित होता हुआ रॉकेट
2. ऊपर फेंकी गई गेंद का गुरुत्वाकर्षण बल के कारण वापस नीचे आना।
3. एक तैराक का पानी को पीछे की ओर धकेलना।
4. बल्ले द्वारा क्रिकेट की गेंद को मारना।

Q.88 यदि विरामावस्था में स्थित किसी वस्तु को एक निश्चित ऊँचाई से गिराया जाता है और इसे धरती तक पहुँचने में 4 सेकंड लगते हैं, तो वह अनुमानित ऊँचाई क्या है जहां से इसे गिराया गया था? ($g = 10\ m/s^2$)

Ans
1. 40 मीटर
2. 100 मीटर
3. 80 मीटर
4. 160 मीटर

Q.89 एक छात्र उत्तल लेंस का उपयोग करके दीवार पर एक पेड़ का प्रतिबिंब दर्शाता है। यदि प्रतिबिंब का साइज़ पेड़ से छोटा पाया जाता है, तो लेंस के सापेक्ष पेड़ की स्थिति के बारे में क्या अनुमान लगाया जा सकता है?

Ans
1. पेड़ लेंस के फोकस बिंदु पर स्थित है।
2. पेड़ को लेंस की फोकस दूरी के दोगुने से अधिक दूरी (2F से परे) पर रखा गया है।
3. पेड़ को लेंस और उसके फोकस बिंदु के बीच रखा गया है।
4. पेड़ लेंस से फोकस दूरी के दोगुने पर स्थित है।

Q.90 मिस्टर W ने 5 km/hr, 43 km/hr और 34 km/hr की चाल से क्रमशः 425 km, 946 km और 340 km की यात्रा की। उनकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans

1. $14\frac{75}{117}$
2. $14\frac{73}{117}$
3. $14\frac{70}{117}$
4. $14\frac{71}{117}$

Q.91 एक शंकु की त्रिज्या और तिर्यक ऊँचाई क्रमशः 59.5 cm और 85 cm है। इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans

1. 28,021.5 cm2
2. 30,021.5 cm2
3. 27,000.5 cm2
4. 27,021.5 cm2

Q.92 धातुओं के निष्कर्षण से पहले सल्फाइड अयस्कों को सामान्यतः ऑक्साइडों में क्यों परिवर्तित किया जाता है?

Ans

1. सल्फाइडों की तुलना में धातु ऑक्साइडों को अपचयित करना सरल होता है
2. सल्फाइड अयस्कों में अधिक अवशेषांश होता है
3. सल्फाइड अयस्क कमरे के तापमान पर अस्थिर होते हैं
4. धातु सल्फाइड कार्बन के साथ तेजी से अभिक्रिया करते हैं

Q.93 पाँच वर्ष पूर्व, अमित और भानु की आयु का अनुपात 2 : 3 था। अब से पंद्रह वर्ष पश्चात, उनकी आयु का अनुपात 5 : 6 होगा। उनकी वर्तमान आयु का योग ज्ञात कीजिए। (यदि प्रासंगिक हो, तो अपना उत्तर वर्ष और महीनों में दीजिए।)

Ans

1. 43 वर्ष, 4 महीने
2. 43 वर्ष
3. 80 वर्ष
4. 43 वर्ष, 3 महीने

Q.94 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 19 का संबंध 287 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 23 का संबंध 347 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 28 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? (ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans

1. 422
2. 424
3. 426
4. 420

Q.95 14 मीटर आधार के व्यास और 9.5 मीटर तिर्यक ऊँचाई वाले एक शंक्वाकार तंबू को बनाने के लिए 2 मीटर चौड़े कपड़े के कितने मीटर की आवश्यकता होगी?

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans

1. 124.5
2. 104.5
3. 109.5
4. 114.5

Q.96	एक दंत चिकित्सक रोगी के दांत का बड़ा प्रतिबिंब प्राप्त करने के लिए एक दर्पण का उपयोग करता है? दंत चिकित्सक को किस दर्पण का उपयोग करना चाहिए और क्यों?	
Ans	1. उत्तल दर्पण, क्योंकि यह एक आवर्धित प्रतिबिंब देता है 2. समतल दर्पण, क्योंकि यह एक वास्तविक प्रतिबिंब देता है 3. अवतल दर्पण, क्योंकि यह एक आवर्धित प्रतिबिंब देता है 4. गोलीय दर्पण, क्योंकि यह एक आभासी प्रतिबिंब देता है	

Q.97	सूत्र $Ca(OH)_2$ में कोष्ठक का उपयोग क्यों किया जाता है?	
Ans	1. ऑक्सीजन परमाणुओं को संतुलित करने के लिए 2. दो हाइड्रॉक्साइड समूहों को इंगित करने के लिए 3. आयनिक प्रकृति दर्शाने के लिए 4. आणविक आबन्धन दर्शाने के लिए	

Q.98	C, D, E, F, X, Y और Z में से प्रत्येक की परीक्षा एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है, जो सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होती है। X की परीक्षा शुक्रवार को है। Yऔर X के बीच में केवल दो लोगों की परीक्षा है। C और Y के बीच में केवल चार लोगों की परीक्षा है। D की परीक्षा, F के ठीक बाद है। Z की परीक्षा सोमवार को नहीं है। Z और E के बीच में कितने लोगों की परीक्षा है?	
Ans	1. दो 2. एक 3. तीन 4. चार	

Q.99	एक छात्र का दावा है कि समान द्रव्यमान की दो कारें, एक 40 km/h की चाल से और दूसरी 80 km/h की चाल से चलती हैं, यदि उनके इंजन समान शक्ति प्रदान करते हैं तो उनमें समान गतिज ऊर्जा होती है। इस तर्क में क्या त्रुटि है?	
Ans	1. शक्ति आपूर्ति चाल की परवाह किए बिना ऊर्जा निर्धारित करती है। 2. गतिज ऊर्जा चाल के वर्ग पर निर्भर करती है, न कि केवल शक्ति आपूर्ति पर। 3. दोनों कारों में समान गतिज ऊर्जा होती है क्योंकि दोनों समान दूरी तय करती हैं। 4. यदि इंजन समान हैं तो कारों में समान ऊर्जा होती है।	

Q.100	अक्षय ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए एक बैंक से ₹440000 की राशि उधार ली। 5% वार्षिक की दर से 4 वर्ष पश्चात, वह कितने साधारण ब्याज (₹ में) का भुगतान करेगा?	
Ans	1. 87000 2. 88000 3. 89000 4. 78000	

"